# 25 एकड़ से अधिक जमीन खाली, फिर भी वंदे भारत को नहीं मिला वाशिंग सेंटर

**संतनगर की जगह अधिकारियों ने निशातपुरा शिफ्ट कर दिया**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के रेलवे स्टेशन को राजधानी भोपाल का तीसरा सबसे बड़ा स्टेशन बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 6 अगस्त 2023 को दिल्ली आन लाइन इस स्टेशन के 21 करोड़ की पुर्नविकास कार्य का भूमि पूजन किया था, उस दौरान स्टेशन पर मौजूद प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के समक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा ने यह जानकारी देकर खूब तालियां बंटोरी थी कि वंदे भारत का सर्विस एवं मेंटीनेंस के लिए भी संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन का चयन किया गया है, जिस पर लगभग 100 करोड़ का खर्च होने का अनुमान है इसके बाद न केवल आम जनता बल्कि व्यापारियों ने भी इसका स्वागत किया था, क्योंकि इस तरह का वंदे भारत का मेंटीनेंस एवं सर्विस सेंटर यहां बनने से कारोबार में भी चार चांद लग जाते इसकी वजह यह है कि यहां काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्टेशन परिसर में ही खाली पड़ी जगह पर आवास निर्माण आदि का प्रस्ताव भी था।




## सर्वे के बाद बना प्रस्ताव

जहां तक वंदे भारत ट्रेनों के सर्विस एवं मेंटीनेंस सेंटर की यहां स्थापना करने के प्रस्ताव के पहले बाकायदा सर्वे हुआ जिसमें यहां की रिक्त जमीन को उपयुक्त पाया गया क्योंकि बताया गया था कि जो जमीन उपलब्ध है, उसमें मेंटीनेंस एवं वाशिंग सेंटर संभव है। मौजूद जमीन किसी के उपयोग में नहीं आ रही है, दूसरे सेकण्ड एंट्री के विकसित हो जाने के बाद स्टेशन पर न केवल भोपाल इंदौर राजमार्ग से वर्तमान प्रवेश मार्ग से पहुंचना आसान है, बल्कि एयरपोर्ट एवं लालघाटी तथा भोपाल के अन्य इलाकों से भी कैम्प नम्बर 12 के रास्ते यहां आने जाने में काफी सुविधा होगी। इसके अलावा चूंकि पश्चिम दिशा उज्जैन से आने वाले ट्रेनों की संख्या बहुत ही कम है, ऐसे में इस स्टेशन के प्लेटफार्म अक्सर खाली रहते हैं, दूसरे रामगंज मण्डी से आने वाली तीसरी लाइन के लिए भी दो अतिरिक्त लाइने बिछाए जाने के साथ ही इस स्टेशन पर प्लेटफार्म 3 एवं 4 का निर्माण भी किया गया है, और इन्हीं दो प्लेटफार्म से लगी हुई लगभग 25 एकड़ जमीन लम्बे से खाली है, जिस पर वंदे भारत ट्रेनों के मेंटीनेंस व वाशिंग सेंटर को सर्वाधिक उपयुक्त माना गया था। बावजूद इसके किस आधार पर इसका स्थान बदलकर निशातपुरा कर दिया गया, यह समझ से परे है। बताते हैं कि इसके पीछे कतिपय अधिकारियों के निजी हित थे, जिसकी वजह से निशातपुरा में बनाने का निर्णय हुआ। जबकि निशातपुरा की तुलना में संत हिरदाराम नगर स्टेशन अधिक सुविधाजनक है।

निशातपुरा स्टेशन पहुंचने में लम्बा रास्ता तय करना होता है, फिर चाहे वह भोपाल टाकीज से सिंधी कालोनी होते हुए जाएं या नादरा बस स्टेण्ड से छोला विश्रामघाट के बाद अंडर पास क्रास करते हुए, दोनो ही रास्तों पर इतना जबरदस्त ट्रेफिक है कि जब भी निशातपुरा स्टेशन चालू होगा, और वहां ट्रेनों का स्टापेज किया जाएगा तो आम यात्री निशातपुरा के बजाय संत हिरदाराम नगर स्टेशन आना बेहतर समझेगा खासतौर पर महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से भी संत हिरदाराम नगर स्टेशन अधिक उपयुक्त माना जा रहा है।

**हो पुनर्विचार** इधर अनेक संगठनों ने वंदे भारत ट्रेनों के सर्विस एवं मेंटीनेंस सेंटर को निशातपुरा ले जाने का न केवल विरोध किया है बल्कि इसे वापस संत हिरदाराम नगर स्टेशन के समीप रिक्त पड़ी 25 एकड़ लम्बी चैड़ी जमीन पर ही बनाने की मांग की है। चूंकि भविष्य में संत हिरदाराम नगर राजधानी भोपाल का तीसरा सबसे बड़ा स्टेशन बनने जा रहा है, जहां सभी सभी ट्रेनों का न केवल स्टापेज किया जाना प्रस्तावित है बल्कि भोपाल रेलवे स्टेशन का बोझ कम करने के लिए अनेक ट्रेने जो पश्चिम दिशा उज्जैन की और जाती हैं, उन्हें संत हिरदाराम नगर स्टेशन से चलाया जाना भी प्रस्तावित है।



"मैं इसका अध्ययन करूंगा और पता लगाऊंगा कि निशातपुरा में वाशिंग सेंटर का निर्णय क्यों लिया गया अगर संभव हुआ तो इसे संत हिरदाराम नगर में ही स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।
**- आलोक शर्मा**, सांसद भाजपा भोपाल



"यह बात सही है कि पूर्व में वंदे भारत ट्रेनों के मेंटीनेंस व सर्विसिंग स्टेशन के लिए यहां प्रस्तावित था, लेकिन इसके लिए जितनी जमीन की जरुरत है, उसकी उपलब्धिता न होने के कारण निशातपुरा में बनाने का निर्णय हुआ है।
**- रामेश्वर शर्मा**, विधायक, हुजूर भाजपा



"बाकायदा पहले सर्वे हुआ उसके बाद ही वंदे भारत का वाशिंग सेंटर यहां बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया अगर जमीन की उपलब्धिता कम थी, तो प्रस्ताव ही क्यों बनाया गया।
**- नितेश लाल**, राष्ट्रीय सदस्य रेलवे सलाहकार समिति

# तनिषा आसनानी ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक

**पूर्व में भी खाते में हैं अनेक उपलब्धियां, हुआ स्वागत**




**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर की होनहार बालिका खिलाड़ी तनिषा आसनानी ने कोटा में आयोजित राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। 14 वर्षीय वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी तनिषा आसानानी ने कोटा (राजस्थान) में 15 से 19 दिसंबर तक आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन वेटलिफ्टिंग लीग 2025-26 में 63 किलोग्राम वजन वर्ग (यूथ) में कुल 128 किलोग्राम भार उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया । अपने माता पिता की निगरानी में तनिषा ने महज 10 साल की उम्र में इस खेल का प्रशिक्षण लेना बारीकियां समझी। अगर उनकी उपलब्धियों पर एक नजर डाली जाए तो पता चलता है कि उन्होंने एसजीएफआई भरोतोलन राज्य स्वर्ण 3 बार जीता है, खेलो एमपी वेटलिफ्टिंग में एक गोल्ड हासिल किया। अस्मिता खेलो इंडिया भारोत्तोलन में 2 बार कांस्य पद जीता। इसके अलावा एमपी स्टेट बैंचप्रेस गोल्ड 2024 में एक पद हासिल किया। एमपी स्टेट वेटलिफ्टिंग मे 2023 में एक सिल्वर अपने नाम किया। मप्र स्टेट वेटलिफ्टिं में 2 बार गोल्ड हासिल किया। इसी तरह आल इंडिया पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया। उनके पिता जीतेश आसनानी एवं माता भी इसी खेल में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक अपने नाम कर चुके हैं। कोटा से उपनगर आगमन पर सबसे पहले अपने पिता के साथ तनिषा स्वामी हिरदाराम जी के समाधि स्थल पहुंची, उसके बार बोरवन पार्क में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि राम बंसल रैनवाल, मण्डल अध्यक्ष मनीष आगवानी के अलावा जगदीश आसवानी, शेट्टी चंदनानी आदि ने स्वागत किया।

## मंडीदीप के धनंजय व प्राची को अभाविप में पद



**मंडीदीप।** डबरा नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मध्य भारत प्रांत का 58वां प्रांत अधिवेशन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में संगठन की आगामी रणनीतियों, छात्रहित से जुड़े मुद्दों और भविष्य की कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श हुआ। साथ ही संगठनात्मक दायित्वों का पुनर्गठन करते हुए नई जिम्मेदारियों की घोषणा भी की गई। अधिवेशन के दौरान मंडीदीप नगर निवासी धनंजय पटेरिया को प्रांत प्रतियोगिता परीक्षा संयोजक के साथ-साथ एबीवीपी प्रांत कार्यसमिति सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नगर कार्यकारिणी में महाविद्यालय प्रमुख के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहीं प्राची मालवीय को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। संगठन नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि दोनों कार्यकर्ताओं को यह दायित्व उनके निरंतर संगठनात्मक योगदान, छात्रहित के प्रति प्रतिबद्धता और सक्रिय कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए सौंपा गया है।

## SUDOKU 93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 5 | | 9 | 6 | | 8 |
| 4 | | | 6 | 1 | | | | 5 |
| | | | 8 | | | | | |
| 8 | 4 | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | 1 |
| | | | | | | 3 | 4 | 6 |
| | | | | | 1 | | | |
| 6 | | | | 9 | 5 | | | 7 |
| 7 | | 4 | 2 | | 6 | | 5 | 3 |

## SOLUTIONS 92

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज आप खुद को पहले से ज्यादा ऊर्जावान और आत्मविश्वास से भरा महसूस करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

**वृषभ :** आज का दिन धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ने का है। नौकरी और व्यापार में धीरे-धीरे प्रगति होगी। खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन :** आज आपकी संवाद क्षमता आपको फायदा दिला सकती है। नए संपर्क बनेंगे, जो भविष्य में काम आ सकते हैं।

**कर्क :** आज भावनात्मक रूप से थोड़ा संवेदनशील रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र में संयम से काम लेना जरूरी होगा। परिवार में किसी बात को लेकर चिंता हो सकती है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक संकेत लेकर आया है। करियर में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं।

**कन्या :** आज जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है, लेकिन आप उन्हें बेहतर तरीके से संभाल लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**तुला :** आज आपको अपनी योजनाओं पर फोकस बनाए रखना होगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा लाभ मिलने की संभावना है। धन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें।

**वृश्चिक :** आज नए विचार और योजनाएं आपके लिए फायदेमंद साबित होंगी। नौकरी और व्यापार में सकारात्मक बदलाव दिख सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** आज रिश्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। साझेदारी से जुड़े कामों में लाभ हो सकता है।

**मकर :** आज मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, लेकिन परिणाम सकारात्मक रहेंगे। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ :** आज भाग्य आपके पक्ष में नजर आ रहा है। करियर और शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं। किसी नए काम की शुरुआत संभव है।

**मीन :** आज रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। करियर में नई संभावनाएं बन सकती हैं। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। परिवार और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

**आज का पंचांग:** 20 दिसंबर शनिवार 2025। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। आज पौष माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि है। इस तिथि पर मूल नक्षत्र और गण्ड योग का संयोग बन रहा है। दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो शनिवार को अभिजीत मुहूर्त 11:58-12:39 तक है। मूल नक्षत्र शूल योग 15 घंटे 47 तक, तत्पश्चात गंड योग वृश्चिक में चंद्रमा 22 घंटे 51 मिनट तक तत्पश्चात धनु में।

# गुरुग्रन्थ साहिब, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण पहुंचे रामधुन स्थल पर

**आज से 7 दिवसीय भव्य अखण्ड रामधुन का आयोजन**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अपना सम्पूर्ण जीवन मानव सेवा को समर्पित कर देने वाले 100 की आयु में यह संसार छोड़ने वाले महान संत हिरदाराम जी ने अपने करकमलों से 25 दिसम्बर 1964 को दौलतराम धर्मशाला में सात दिवसीय अखण्ड रामधुन का शुभारंभ किया था। तब से लेकर आज तक यह सिलसिला हर साल चलता आ रहा है। सात दिवसीय इस अखण्ड रामधुन में देश विदेश के लोग आकर शामिल होते हैं, ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु पूरे मनोयोग एवं आस्था से इसमें शामिल होता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। स्वामी हिरदाराम का 21 दिसम्बर 2006 में अवसान हुआ उसके बाद भी यह आयोजन निरंतर जारी है। 20 दिसम्बर शनिवार से सुबह 8 बजे प्रारंभ होने वाली अखण्ड रामधुन के पूर्व शुक्रवार को अपरान्ह 4 बजे संत समाधि स्थल पर विराजमान गुरूग्रन्थ साहिब, भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं जुलूस की शक्ल में फूलों से सजे एक वाहन से साधु वासवानी स्कूल में अखण्ड रामधुन स्थल पर लाई गई। जुलूस का उपनगर के विभिन्न मार्गो पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। अखण्ड रामधुन के प्रभारी समाज सेवी अनिल चोटरानी ने बताया कि इसका शुभारंभ 20 दिसम्बर शनिवार को सुबह 8 बजे सिद्ध भाऊ करेंगे लेकिन इससे पूर्व शुक्रवारयह यात्रा संत समाधि स्थल से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, चंचल रोड, प्रेम रामचंदानी मार्ग से से होती हुई रामधुन स्थल पहुंची। इसमें गणमान्य नागरिक वयोवृद्ध समाज सेवी 95 वर्षीय नारायणदास लालवानी, कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, महासचिव दिनेश वाधवानी, राजा इसरानी, हीरो हिन्दू क्लब के अध्यक्ष हीरो इसरानी, भरत धनवानी, सुरेश मंगतानी, समाज सेवी तुलसी आडवाणी, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारी सुरेश जसवानी, नारायणदास लालवानी मनोहर वीधानी आदि साथ में हरे राम हरे कृष्ण की धुन लगाते हुए चल रहे थे।



## अड़ीबाजी कर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने अड़ीबाजी और छुरी दिखाकर दहशत फैलाने वाले इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने वारदात में शामिल छुरी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 9 अक्टूबर को जवाहर कॉलोनी निवासी मोहम्मद उस्मान उर्फ बब्बन (29) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 8 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे आरोपी शुभम राय उर्फ भूरा, शाहरुख खान उर्फ मैकेनिक और फैजान लंबा उसके घर पहुंचे। जहां उन्होंने उससे 1 लाख 20 हजार रुपए की मांग की।

## 342 जरूरतमंद महिलाओं को 32 लाख रुपए की सहायता



**मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट व लखी ट्रस्ट मुंबई का आयोजन**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** विभाजन के दौरान खाली हाथ आए सिंधी हिन्दुओं ने पिछले 78 साल में खुद को इस कदर स्थापित कर दिया है, कि अब वह देश एवं दुनिया में जरूरतमंदों का बहुत बड़ा सहारा बनता जा रहा है। मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट के अथक प्रयासों से लखी ट्रस्ट मुंबई के सहयोग से जरूरतमंद विधवा बहनों को आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई जिसमें दिलीप कुमार लखी, चेयरमैन लखी ट्रस्ट मुंबई, अशोक हिन्दुजा चेयरमैन, इंडसइंड फाउंडेशन मुंबई, गुल हिंदूजा मैनेजिंग ट्रस्टी, इंडसइंड फाउंडेशन एवं ईश्वर झामनानी ट्रस्टी, इंडसइंड फाउंडेशन मुंबई एवं संस्थापक ट्रस्टी मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट के सहयोग से लखी ट्रस्ट मुंबई द्वारा भोपाल की 342 जरूरतमंद विधवा बहनों को 32 लाख रुपए की आर्थिक मदद की गई।

## भोजपुर विस सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

**जागरण प्रतिनिधि औबेदुल्लागंज।** भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के औबेदुल्लागंज में जेबी. मैरिज गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा के हजारों कार्यकर्ताओ ने भाग लिया सम्मेलन में भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा , जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल भोजपुर विधानसभा के सभी छह मंडलों के समर्पित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की बीते दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आधारभूत संरचना के सशक्त विकास तथा सर्वांगीण प्रगति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। सम्मेलन के माध्यम से सरकार की विकासोन्मुख नीतियों, जनसेवा के कार्यों और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त प्रयास किया गया। पटवा ने कहा कि येसे आयोजन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरते हैं।




**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री हेमराज सिंह पटेल आत्मज श्री मूलचंद पटेल, आयु-वयस्क, निवासी-167/8, धनवंतरी नगर नियर गुरुकुल स्कूल के पास, वार्ड क्रमांक 61, गाढ़ा जबलपुर म0प्र0 एवं श्री विजय कुमार जैन आत्मज स्व0 श्री मोतीलाल जैन, आयु-वयस्क, निवासी-886/3, अंकुर कॉलोनी, रजाखेड़ी मकरोनिया, सागर म.प्र. के मालिकाना हक एवं स्वामित्व का ग्राम खोकरिया, पटवारी हल्का नंबर पुराना 3, नया 62 तहसील हुजूर जिला भोपाल में खसरा क्रमांक 25/1(S) रकबा 0.0350 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 25/ 2(S) रकबा 0.0350 हेक्टेयर खसरा क्रमांक 26/1 (S) रकबा 0.1550 हेक्टेयर खसरा क्रमांक 26 / 2 (S) रकबा 0.1550 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 158 /1 (S) रकबा 0.0300 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 159 / 1 / 1 (S) रकबा 0.0100 हैक्टेयर., खसरा क्रमांक 160 /1 (S) रकबा 0.0300 हेक्टेयर, खसरा क्रमाक 160 / 2 (S) रकबा 0.0400 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 181/1 (S) रकबा 0.0300 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 161 /2 (S) रकबा 0.0300 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 23/1 (S) रकबा 0.1250 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 24/1 (S) रकबा 0.0650 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 23/2(S) रकबा 0.1250 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 24 /2(S) रकबा 0.0650 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल किता 14, कुल रकबा 0.9300 हेक्टेयर अर्थात 2.208 एकड़ कृषि भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु विक्रेता से सौदा कर लिया है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, मंडल, बैंक, वित्तीय संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति का कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, गिरवी, हिवा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, उक्त अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**किशोर पटले** अधिवक्ता
ऑफिस क्रमांक 309, प्रथम तल, बीडीए कॉम्पलेक्स, 07 नंबर बस स्टाप, शिवाजी नगर, भोपाल मो-9425021122, 9424482350

**आम सूचना**

**मूल रजिस्ट्री गुम हो जाने के संबंध में।**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती पुष्पा उर्फ उषा मिश्रा पत्नी श्री संतोष कुमार मिश्रा निवासी डी-102/20 शिवाजी नगर भोपाल स्वत्व स्वामित्व अधिपत्य संपत्ति जो कि श्री मनीष कुमार जोशी पिता श्री वी.जी. जोशी से पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया गया था जो कि उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 05/12/2018 पंजीकरण संख्या MP059702018A1787087 पर पंजीबद्ध है। जो कि मनीष कुमार जोशी पिता श्री वी.जी. जोशी, आयु वयस्क निवासी-27, सीआई पार्कव्यू, कोलार रोड भोपाल (म.प्र.) ने पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा एजी 8 वेन्चर्स लिमिटेड भोपाल अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं संचालक श्री राजीव सोनी पिता श्री पी.डी. सोनी, आयु वयस्क ऑफिस पता- प्लाट नंबर 206, एफ-11, सृष्टिः कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल म.प्र. से क्रय किया था, जो कि उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 20/02/2015 पुस्तक क्रमांक-अ-1, पृष्ठ क्रमांक-09 (92 से 100) ग्रंथ क्रमांक-1129, दस्तावेज क्रमांक- 3289 (2), पर पंजीबद्ध है। जो कि पूर्व रजिस्ट्री श्री मनीष कुमार जोशी पिता श्री वी.जी. जोशी मूल रजिस्ट्री गुम हो गई है उक्त संपत्ति का विवरण- एक किता आवासीय प्रकोष्ठ क्रमांक एचबी-103, प्रथम तल हमिंग बोर्ड आकृति ईको सिटी ग्राम बावड़िया कलां वार्ड क्रमांक-52, हुजूर भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, उक्त प्रकोष्ठ का क्षेत्रफल 128.00 वर्गमीटर है। यह कि उक्त प्रकोष्ठ की मूल रजिस्ट्री गुम होने के संबंध मे सूचना दी है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति की मूल रजिस्ट्री मिल जाती है तो मेरे पक्षकार व मुझे सूचित करने की कृपा की जाये।

भवदीय यशवंत मालवीय (नोटरी अधिवक्ता)
नि./कार्या.-दुकान नं-10 आई.एस.बी.टी. परिसर भोपाल मो.नं.- 9827020394

**नाम संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण हेतु सूचित हो कि मैं **अभिषेक गोस्वामी आ. श्री राजेश गोस्वामी** आयु वयस्क निवासी-एच-96, अभिनव रीगल होम्स अवधपुरी, खजूरी कलां भेल भोपाल हुजूर जिला- भोपाल मप्र 462022 का निवासी होकर घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, निर्वाचन कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम **अभिषेक गिरी गोस्वामी** अंकित है जो गलत है। जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक एवं शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम **अभिषेक गोस्वामी आ. श्री राजेश गोस्वामी** है, जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में भी मुझे **अभिषेक गोस्वामी आ. श्री राजेश गोस्वामी** नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै परसु बारस्कर पिता झुनु बारस्कर जाति कोरकू उम्र 40 वर्ष निवासी नांदरा तहसील भैंसदेही जिला बैतूल म.प्र. मेरे सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम परसु बारस्कर पिता झुनु बारस्कर दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामप्रसाद त्रुटिवश अंकित हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम परसु बारस्कर पिता झुनु बारस्कर के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 1200080226 आवेदन क्रमांक-9454 आवेदन दिनांक-07/10/2025
क्रमांक /राजस्व/भोविप्रा/25 भोपाल दिनांक : 19/12/2025

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-226 सेक्टर-सी, श्रीमती श्यामलता बिसारिया पत्नी स्व. श्री राजकुमार बिसारिया, श्री रॉबिन बिसारिया आ स्व. श्री राजकुमार बिसारिया एवं श्रीमती रीना कानूनगों पुत्री स्व. श्री राजकुमार बिसारिया (पत्नी श्री राजेश कानूनगों) के संयुक्त नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटियों में से श्रीमती श्यामलता बिसारिया पत्नी स्व. श्री राजकुमार बिसारिया का स्वर्गवास दिनांक 02/07/2025 एवं श्री राजकुमार बिसारिया का स्वर्गवास दिनांक 14/01/2024 को हो जाने के कारण नरेंद्र अग्रवाल आत्मज श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल एवं श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा आ. श्री ज्वाला प्रसाद शर्मा के समक्ष नोटराईज्ड वसीयत दिनांक 19/08/2023 में उल्लेख किया गया है, कि मेरे नाती (स्व. श्रीमती श्यामलता बिसारिया द्वारा) श्री अनध कानूनगों आ. श्री राजेश कानूनगों के नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं नोटराईज्ड वसीयत के आधार पर संयुक्त नाम पर नामान्तरण अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**आम सूचना**

**भूमि खसरा क्रमांक 8/1/1 रकबा 26500 वर्गफीट जो कि अमीन कॉलोनी स्थित हबीबगंज अंडर ब्रिज के निकट ग्राम बागसेवनिया वर्तमान तहसील कोलार जिला भोपाल के भू-खण्ड क्रमांक 1 लगायत 8 जो कि ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी के क्रय विक्रय या अन्य किसी प्रकार के अंतरण का संव्यवहार न किये जाने के संबंध में**

उपरोक्त आम सूचना से संबंधित संपत्ति जो कि वक्फिया संपत्ति होते हुए को अनाधिकृत रूप से स्वर्गीय श्री जलाल उद्दीन आत्मज स्वर्गीय श्री अमीन उद्दीन निवासी- जिन्सी, जहांगीराबाद, भोपाल ने अजय पाल सिंह चौहान आत्मज कन्हैया लाल चौहान निवासी-ग्राम जाटखेड़ी होशंगाबाद रोड भोपाल एवं कुलदीप सिंह चौहान आत्मज चैन सिंह चौहान निवासी-कुंजन नगर फेज-1, होशंगाबाद रोड, भोपाल के पक्ष में मुख्तारनामा निष्पादित कर, उक्त वक्फिया भू-खण्ड क्षेत्रफल 26500 वर्गफीट में से 22000 वर्गफीट भूमि को 1. अमित कुमार आत्मज अनिरूद्ध प्रसाद, निवासी- मकान नंबर 702, अग्रवाल, जबलपुर एवं 2. मोहम्मद शरीफ आत्मज श्री मोहम्मद हनीफ निवासी- मकान नंबर 260, नया मोहल्ला जबलपुर को आपस में मिलीभगत कर विक्रय पत्र दिनांक 13.07.2015 को निष्पादित एवं पंजीकृत उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में करा दिया गया है, जिसकी जानकारी होने पर मेरे पक्षकार श्री इमरान उद्दीन आत्मज स्वर्गीय श्री सलाह उद्दीन, निवासी- ईदगाह हिल्स भोपाल के द्वारा उक्त विक्रय पत्र को निरस्त कराने के संबंध में प्रकरण क्रमांक ए-14/2021 दिनांक 02.08.2021 को म.प्र. राज्य वक्फ अधिकरण, भोपाल के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें दिनांक 06.12.2021 को उपरोक्त पांचों लोगों के विरूद्ध इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा वाद के अंतिम निराकरण तक जारी की किये जाने संबंधी आदेश पारित किया गया कि प्रतिवादी क्रमांक 1 से 5 उनके मुख्तार, एजेंट, अभिकर्ता, हितैषी आदि वादग्रस्त संपत्ति को किसी भी रूप में, किसी के पक्ष में अंतरित भारग्रस्त नहीं करेंगें और न ही उसके स्वरूप में किसी प्रकार का परिवर्तन करेंगें, उक्त आदेश आज भी यथावत प्रभावशील है, लेकिन ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि, उक्त वक्फिया संपत्ति को उक्त विक्रय पत्र के आधार पर पुनः विक्रय करने का प्रयास उपरोक्त आदेश को छुपाते हुए किया जा रहा है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वक्फिया संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार न करे, यदि किया जाता है तो वह अवैध एवं शून्य होगा और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**मलिक अबरार अहमद खान** अधिवक्ता
पता- म.नं. 116, गली नंबर 116, राज सिनेमा के पास, चर्च रोड, जहांगीराबाद, भोपाल (म.प्र.)
मो. 9425457913

**जाहिर सूचना**

**भूमि स्थित ग्राम मनीखेड़ी, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल के संबंध में।**

मेरे पक्षकार ने फरीदा बी पुत्री श्री जाफर हुसैन निवासी-381, अहाता रूस्तम खॉं, श्यामला हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम मनीखेड़ी, पटवारी हल्का नम्बर -42/103, राजस्व निरीक्षक मण्डल 09/03, विकासखण्ड फन्दा, तहसील बैरसिया जिला भोपाल जिसका खसरा क्रमांक -45/1/2/1/1 (एस) 45/2 रकबा-1.0120 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक -45/1/2/1/1/3 (एस) रकबा-0.5050 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक-45/1/2/1/1/2 (एस) रकबा-0.1010 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक-45/1/2/1/1/1 (एस) रकबा-0.4050 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा-2.023 हेक्टेयर अर्थात 5.00 एकड़ भूमि है व जिसकी चतुर्थ सीमायें इस प्रकार है पूरब में-भूमि लाल सिंह की, पश्चिम में -भूमि केशर सिंह की, उत्तर में-12 फिट चौड़ा रास्ता एवं भूमि माघोसिंह की एवं दक्षिण में-भूमि बटनलाल की है, को क्रय करने का निश्चय करते हुए टोकन राशि अदा की गई है व उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो या सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा, झगड़ा, मांग, मतालबा या कोई अन्य विलेख निष्पादित किया गया हो, तो विज्ञप्ति दिनांक से 07 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष सप्रमाण लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के बाद किसी आपत्ति पर विचार न किया जाकर मेरा पक्षकार अग्रिम कार्यवाही हेतु स्वतंत्र रहेगा, कृपया सूचित हो।

**मो. अनस अहमद सिद्दीकी** अधिवक्ता
कार्या : फ्लेट नम्बर 2, प्रथमतल, दीपनिशा इनक्लेव, डी-110, फिरदौस नगर, बैरसिया रोड, भोपाल मोबा. नं.- 9981802782

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डॉ. संजय गोयल पुत्र स्व. रामकिशोर गोयल, निवासी -ग्वालियर (म.प्र.) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की संपत्ति फ्लैट क्र.- जूनियर एमआईजी- 303, तृतीय तल, रचना टावर, रचना नगर, गोविंदपुरा, वार्ड- 58, जिला-भोपाल में स्थित है। जिसको क्रय करने हेतु सौदा www.propertyeco.com (Mob-9826098008) के माध्यम से किया है, अनुबंध पत्र करते हुए बयाना राशि का भुगतान विक्रेता को कर दिया है। उपरोक्त संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय एवं अशासकीय संस्था, प्रशासक, सहकारिता विभाग, तहसील, ग्राम-पंचायत, बैंक (पंजाब नेशनल बैंक को छोड़कर) अन्य वित्तीय संस्थाएं, आदि को कोई आपत्ति हो तो, इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मय लिखित दस्तावेज के मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उक्त संपत्ति के विक्रयपत्र का पंजीयन कराने हेतु पक्षकार स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय-ध्रुवेश द्विवेदी (अधिवक्ता)
Mind Tree Legal Junction,
F-2, Nirmal Complex, Govind Garden, BHOPAL.
Mobile : 8889975555

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यात्रिकी शाखा), भोपाल**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 819 /यां.वि/25 भोपाल दिनांक 18/12/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_469357_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD NEAR MOHAMMADI MASJID VAFNA COLONY WARD 16 ZONE 04 | 16,87,160/- | 19-JAN- 2026 | 05:30 PM |
| 02 | 2025_UAD_469338_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM STAR SHADI HALL TO OVER HEAD TANK SHAHJANABAD WARD 08 ZONE 05 | 43,19,819/- | 19-JAN- 2026 | 05:30 PM |
| 03 | 2025_UAD_469351_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD, DRAIN AND NALAH FROM LAL MASJID TO SAIFIYA COLLEGE ROAD NOOR MAHAL WARD 09 ZONE 05 | 64,16,546/- | 19-JAN-2026 | 05:30 PM |

**नोट** - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि. क्र. 2843/025/026

कार्यपालन यंत्री ( सिविल )
नगर पालिक निगम, भोपाल

## मेट्रो: शुरुआत में एक रैक संभालेगा शहर की परिवहन व्यवस्था इस कारण हर सवा घंटे में मिलेगी एक तरफ से ट्रेन

# दरवाजे में व्यवधान पैदा करने पर 5 हजार, इमरजेंसी प्वाइंट के गलत इस्तेमाल पर 1 हजार और थूकने पर लगेगा 200 रुपए का जुर्माना


मेट्रो का आकर्षक कोच


मेट्रो स्टेशन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में मेट्रो की शुरुआत के साथ ही इसकी सुरक्षा व्यवस्था को भी पूरी तरह से चाक चौबंद कर दिया गया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के आठ स्टेशनों, मेट्रो मुख्यालय की सुरक्षा की कमान आर्मी के पूर्व सैनिकों के हवाले रहेगी। हर स्टेशन पर दो दर्जन जवानों का कड़ा पहरा रहेगा। इस दौरान स्टेशन परिसर के अंदर गुटखा, पान मसाला, सिगरेट, बीड़ी या शराब सहित किसी भी नशीले पदार्थ को ले जाने की मनाही रहेगी। यात्रा के दौरान यात्रियों को सख्त नियमों का पालन करना होगा। यदि ट्रेन के संचालन के दौरान किसी भी तरह की बाधा पैदा की गई या नियमों का पालन नहीं किया गया तो यात्रियों को जुर्माना भरना पड़ सकता है। इंदौर से सबक लेते हुए शुरुआत में यात्रियों की कम संख्या को देखते हुए केवल एक ही रैक का संचालन किया जा रहा है, जिसके चलते एक तरफ से ट्रेन लगभग सवा घंटे की देरी से चलेगी। दोनों तरह से रैक का ऑपरेशन सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो से कंट्रोल किया जाएगा।

### लापरवाही की तो भरना पड़ सकता है यह जुर्माना

- मेट्रो स्टेशन, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म और रैक सहित किसी भी स्थान पर थूका तो 200 का जुर्माना भरना पड़ेगा।
- मेट्रो परिसर में शराब या नशीले पदार्थ बैन हैं।
- दरवाजे बंद करने पर 5000 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा।

**तीन जोन में विभाजित किया गया किराया** : मेट्रो का किराया तीन जोन में विभाजित किया गया है, जो 20 से 40 रुपए के बीच लगेगा। पहले दो स्टेशनों के बीच सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपए देने होंगे। पहले स्टेशन से तीसरे, चौथे या पांचवें स्टेशन तक 30 रुपए किराया देना होगा। छठवें और सातवें स्टेशन पर 40 रुपए किराया देना होगा।

### इस कारण लगेगा जुर्माना

मेट्रो के ऑटोमैटिक दरवाजे सेंसिटिव होते हैं और इनका संचालन बेहतर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इनके साथ छेड़छाड़ न की जाए। इन्हें ब्लॉक करने या इनके साथ छेड़छाड़ करने से सर्विस में रुकावट आ सकती है और सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, इसलिए नियम तोड़ने वालों पर 5,000 का भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। वहीं इमरजेंसी हेल्पलाइन किसी की जान बचाने वाले टूल हैं। इनका गलत इस्तेमाल करने से जरूरी रिसोर्स दूसरे स्थान पर लगते हैं, जिससे जरूरत के समय असली मदद में भी देरी हो सकती है। इसलिए गलत इस्तेमाल पर 1,000 का जुर्माना किया गया है।

### इन आठ स्टेशनों पर रुकेगी भोपाल मेट्रो

शुरुआत में एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो नौ फेरे लगाएगी, जबकि सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक आठ फेरे लगाएगी। एम्स स्टेशन से पहली ट्रेन का संचालन सुबह 9 बजे शुरू होगा, जबकि दूसरी ट्रेन सुबह 10.15 मिनट पर एम्स से चलेगी। इसी तरह सुभाष नगर से पहली ट्रेन 9.40 पर चलेगी, जबकि यात्रियों को दूसरी ट्रेन 10.55 पर मिलेगी।

### यात्रियों के लिए ट्रेन में कई सुविधाएं

टेक्नोफ्रेंडली लोगों के लिए भोपाल मेट्रो में कई सुविधाएं दी गई हैं। हर रैक में मोबाइल और लैपटॉप चार्ज करने के लिए चार्जिंग पॉइंट लगे हैं। हर ट्रेन में 30 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं, जिससे हर जगह की लाइव जानकारी सुरक्षा कर्मियों तक पहुंचती रहती है। इससे यात्रियों का सफर आरामदायक और सुरक्षित होता है।

### एम्स मेट्रो स्टेशन से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन

| एम्स | अल्कापुरी | डीआरएमऑफिस | आरकेपीएस | एमपी नगर | बोर्ड आफिस | केवी-1 | सुभाष नगर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9:00 | 9:03 | 9:07 | 9:11 | 9:14 | 9:18 | 9:22 | 9:25 |
| 10:15 | 10:18 | 10:22 | 10:26 | 10:29 | 10:33 | 10:37 | 10:40 |
| 11:30 | 11:33 | 11:37 | 11:41 | 11:44 | 11:48 | 11:52 | 11:55 |
| 12:45 | 12:48 | 12:52 | 12:56 | 12:59 | 13:03 | 13:07 | 13:10 |
| 14:00 | 14:03 | 14:07 | 14:11 | 14:14 | 14:18 | 14:22 | 14:25 |
| 15:15 | 15:18 | 15:22 | 15:26 | 15:29 | 15:33 | 15:37 | 15:40 |
| 16:30 | 16:33 | 16:37 | 16:41 | 16:44 | 16:48 | 16:52 | 16:55 |
| 17:45 | 17:48 | 17:52 | 17:56 | 17:59 | 18:03 | 18:07 | 18:10 |
| 19:00 | 19:03 | 19:07 | 19:11 | 19:14 | 19:18 | 19:22 | 19:25 |
| सुभाष नगर | केवी-1 | बोर्ड आफिस | एमपी नगर | आरके1पीएस | डीआरएमऑफिस | अल्कापुरी | एम्स |
| 9:40 | 9:43 | 9:47 | 9:51 | 9:54 | 9:58 | 10:02 | 10:05 |
| 10:55 | 10:58 | 11:02 | 11:06 | 11:09 | 11:13 | 11:17 | 11:20 |
| 12:10 | 12:13 | 12:17 | 12:21 | 12:24 | 12:28 | 12:32 | 12:35 |
| 13:25 | 13:28 | 13:32 | 13:36 | 13:39 | 13:43 | 13:47 | 13:50 |
| 14:40 | 14:43 | 14:47 | 14:51 | 14:54 | 14:58 | 15:02 | 15:05 |
| 15:55 | 15:58 | 16:02 | 16:06 | 16:09 | 16:13 | 16:17 | 16:20 |
| 17:10 | 17:13 | 17:17 | 17:21 | 17:24 | 17:28 | 17:32 | 17:35 |
| 18:25 | 18:28 | 18:32 | 18:36 | 18:39 | 18:43 | 18:47 | 18:50 |

## भोपाल देश का 16वां और मप्र का दूसरा शहर जहां मेट्रो की सुविधा

**भोपाल।** शहर में मेट्रो के लोकार्पण के साथ ही भोपाल देश का 16वां शहर बन जाएगा, जहां के नागरिकों को मेट्रो की सुविधा मिलेगी। मप्र एक साल के भीतर दूसरे शहर में मेट्रो की सुविधा देने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। भोपाल से पहले दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, कोच्चि, अहमदाबाद, नागपुर, कानपुर, पुणे और इंदौर सहित अन्य शहरों में मेट्रो चल रही है। देश में करीब 1000 किमी का मेट्रो नेटवर्क तैयार हो चुका है, जिसमें रोजाना लाखों लोग सफर कर रहे हैं। हालांकि भोपाल में लगभग 7.5 किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार हुआ है, जिसकी लागत लगभग 2225 करोड़ रुपए आई है। एक अनुमान के मुताबिक प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में रोजाना 3 हजार से ज्यादा लोग सफर कर सकते हैं। जिससे एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को औसतन 80 हजार से 1 लाख रुपए की औसतन आय होगी। शहर में जैसे जैसे अन्य मेट्रो लाइनों का निर्माण होगा। इससे होने वाली आय में बढ़ोत्तरी होगी। बता दें कि शुरुआती चरण में बनने वाली ऑरेंट और ब्लू लाइन की कुल लागत 10 हजार 33 करोड़ रुपए बैठ रही है।

### यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

- सुविधाजनक यात्रा के लिए सभी स्टेशनों पर हाई-स्पीड लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा रहेगी।
- दिव्यांगों के लिए सुगम प्रवेश, व्हील चेयर की सुविधा और ब्रेल साइनेज की सुविधा।
- **उच्च स्तर की सुरक्षा** : एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर और ग्रेड-4 सिग्निलिंग सिस्टम।
- **पर्यावरण अनुकूल** : रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग से ऊर्जा उत्पादन और सोलर पावर का उपयोग।
- **आरामदायक कोच** : पूरी तरह से एयरकंडिशनर (एसी), आरामदायक सीटिंग और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट।
- **स्मार्ट तकनीक** : ऑडियो-विजुअल यात्री सूचना प्रणाली और हाई-टेक ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर।



### मेट्रो की शुरुआत के चलते आज इन मार्गों पर जाने से बचें

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में आज शाम शुरू होने जा रहे मेट्रो के संचालन को देखते हुए जिंसी चौराहा से सुभाष नगर के बीच ट्रैफिक परिवर्तित रहेगा। ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस स्थान पर ट्रैफिक को शाम 5 बजे के बाद बंद कर दिया जाएगा, लेकिन वाहन चालक शाम 4 बजे के बाद से ही इस मार्ग का उपयोग करने से बचें और इसके स्थान पर वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। भारी वाहन चालक एसबीआई तिराहा से जेल मुख्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम होकर एवं सुभाष ब्रिज से प्रभात होकर आवागमन कर सकेंगे। वहीं दो-पहिया एवं चार-पहिया (जीप/कार) सुभाष नगर ब्रिज से प्रभात, बोगदा पुल होकर आवागमन कर सकेंगे।

# कम रिजल्ट देने पर प्राचार्यों को किया खड़ा, मांगा जबाव

## समीक्षा बैठक में परीक्षाओं के रिजल्ट को लेकर व्यक्त की गई चिंता

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल के आईकफ आश्रम में शुक्रवार को स्कूली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक रखी गई। इसमें अध्यापन व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत की सीईओ इला तिवारी ने की। बैठक में उन प्राचार्यों से सवालिया निशान लगाए गए, जिन्होंने पिछले साल 30 फीसदी कम रिजल्ट दिया था। इस दौरान हमीदिया क्रमांक 1 से लेकर अन्य प्राचार्यों को खड़ा किया गया और जवाब मंगाया गया। उन्हें निर्देशित किया गया है कि आने वाली परीक्षा में शत-शत प्रतिशत नहीं तो कम से कम 80 फीसदी तक रिजल्ट होना चाहिए। उन्होंने हर स्कूल का कार्य ब्यौरा देखा। सीईओ तिवारी ने कहाकि फाइनल परीक्षा में बेहतर चाहिए। हम जिले को नीचे की स्थिति में नहीं देख सकते। इसलिए सभी को अभी से मेहनत करना होगी। उन्होंने अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की भी समीक्षा की। जिस पर कम रिजल्ट देने वाले प्राचार्यों के प्रति चिंता जाहिर की गई। बैठक के अंत में अगले माह बैठक का प्रस्ताव रखा गया। इसमें सीईओ तिवारी ने कहाकि विद्यार्थियों की स्थिति मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोपाल में सर्वाधिक फैसिलिटी है। पर्याप्त शिक्षक हैं। फिर भी इतना कम रिजल्ट देना चिंता का विषय है। सीईओ ने उदाहरण दिया कि वह सीधी, अनूपपुर, शहडोल क्षेत्र में भी रहीं। जहां पर कम संसाधन होने के बाद भी प्राचार्यों ने बेहतर परीक्षा परिणाम दिया है। जबकि यह तो राजधानी है। यहां की शिक्षा व्यवस्था से पूरे प्रदेश को एक नया संदेश जाता है। इसलिए हमें यहां कठोर मेहनत करना।

### एसआईआर के बाद जनगणना

प्राचार्यों ने बताया गया कि इस समय स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन का कार्य चल रहा है। इसमें शिक्षक व्यस्त हैं। इसके चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि अभी एसआईआर चल रहा है। अभी जनगणना भी होना है, लेकिन हमारा बेसिक काम मजबूत होना चाहिए। सीईओ तिवारी ने कहा है कि हमें सभी कार्य समन्वय से करना है। क्योंकि यह राष्ट्रीय महत्व के कार्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम भोपाल में काम कर रहे हैं। इला तिवारी ने कहा कि जहां सहयोग की जरूरत रहेगी। वहां पूरा सपोर्ट मिलेगा। अगले महीने प्री बोर्ड परीक्षा है। इसलिए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य लेकर चलो।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य सम्मानित

भोपाल के स्कूलों से सेवानिवृत्त हुए 22 प्राचार्यों को सम्मानित किया गया है। इसके लिए आईकप आश्रम में जिले के प्राचार्यों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत भोपाल, संयुक्त संचालक कार्यालय से उपसंचालक श्रीमती कनक प्रसाद मैडम, नरेन्द्र कुमार अहिरवार जिला शिक्षा अधिकारी जिला भोपाल, रमसा से एडीपीसी अरुण विजयवर्गीय, विनोद गुप्ता, योजना अधिकारी श्रीमती निर्मला रैकवार, सा यकी अधिकारी विकास मिश्रा और अन्य स्टाफ मौजूद रहे। भोजनावकाश के बाद जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक के सेवानिवृत्ति हुए 22 प्राचार्य का साल, श्रीफल आदि से सम्मान किया गया। मौके उनके द्वारा व्यक्त विचारो को सम्मिलित किया गया।

## हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श आज

**जागरण, भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रंखला वरिष्ठ विमर्श का आयोजन आगामी आज शाम 4 बजे से हिंदी भवन में होने जा रहा है। इस बार 'क्या अब भी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को गलत बताना उचित होगा' विषय पर विचार-विनिमय होगा। संयोजक महेश सक्सेना ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह से अनौपचारिक होता है। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन माह के तीसरे शनिवार को होता है। जिसमें हर बार किसी च्वलंत मुद्दे पर विचार किया जाता है। समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत ने बताया कि इस मासिक आयोजन में युवा भी रुचि ले रहे हैं और बराबर सहभागिता करते हैं। उन्होंने शहर के प्रबुद्धजनों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# गांधी मेडिकल कॉलेज में 5 करोड़ से मनाई जाएगी प्लेटिनम जुबली

## लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सतपुड़ा भवन के पत्र से खुलासा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्ष 1955 में जीएमसी की शुरुआत हुई थी। इस अवसर पर संस्थान के पुराने छात्र-छात्राओं द्वारा प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जीएमसी एलुमनी एसोसिएशन द्वारा 20 व 21 दिसंबर को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में 3 से 5 करोड़ रुपए सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे हैं। इसका खुलासा संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सतपुड़ा भवन के एक पत्र से हुआ है। यह पत्र इसी महीने में जीएमसी डीन को भेजा गया है। इसमें कहा गया है एलुमनी एसोसिएशन प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कर रहा है। इसके लिए संस्थान में कुछ कार्य किए जाने हैं, इन कामों के लिए एलुमनी एसोसिएशन व डीन जीएमसी द्वारा संयुक्त रूप से 3 से 5 करोड़ रुपए का बजट सितंबर 2025 में मांगा गया था। शासन ने इस पत्र को प्राथमिकता में लेते हुए बजट स्वीकृत करने का निर्णय लिया। इसलिए शासन को उन कार्यों की सूची उपलब्ध कराई जाए जो इस बजट से कराए जाना हैं। संचालनालय द्वारा यह भी कया गया है कि बिना देर किए डीन जीएमसी द्वारा कार्यों की सूची भेजी जाए, ताकि जल्द से जल्द बजट आवंटित किया जाए।

### एसोसिएशन ने 20 लाख के कामों को अपना बताया

प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के तारतम्य में 12 दिसंबर को एलुमनी एसोसिएशन द्वारा एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया था। यहां पर सदस्यों द्वारा बताया गया था कि हमने जीएमसी में बेडमिंटन कोर्ट, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ मशीन और साफ सफाई के काम कराए हैं। इसके अलावा हमारे एक सदस्य डॉ. एनके जैन द्वारा हॉस्टलों की मरम्मत के लिए 20 लाख रुपए दिए गए हैं।

### शासन के पत्र से भ्रम की स्थिति बनी

शासन का पत्र सामने आने के बाद भ्रम की स्थिति बन गई है। दरअसल एलुमनी एसोसिएशन ने जिन कार्यों के लिए लगभग 5 करोड़ रुपए की डिमांड भेजी है। उनमें कई कार्य ऐसे हैं, जो शासन अपने स्तर पर पहले से करा रहा है। जैसे ऑडीटोरियम का रिनोवेशन, बॉयज हॉस्टल की मरम्मत, रंगाई व पुताई। यह कार्य बीते कई दिनों से जारी हैं। अब इन्हीं कार्यों के लिए एलुमनी एसोसिएशन द्वारा फिर से डिमांड भेजने से एक भ्रम की स्थिति निर्मित हुई है।

### ऑडिटोरियम पर एक करोड़ से ज्यादा खर्च

प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन का मुख्य कार्यक्रम जीएमसी के ऑडीटोरियम में होने वाला है। इस सेलिब्रेशन के लिए ऑडीटोरियम को रिनोवेट किया गया है। यह काम बीते कई महीनों से चल रहा था। सूत्रों के अनुसार इस कार्य पर लगभग एक से सवा करोड़ रुपए का खर्च आया है।

"बेडमिंटन कोर्ट को छोड़कर जीएमसी परिसर में जो भी काम हुए हैं या हो रहे हैं, वह सब शासन द्वारा दिए गए बजट से हो रहें हैं। एलुमनी एसोसिएशन ने एक रुपया भी हमें नहीं दिया है।

■ **डॉ. कविता एन सिंह,** डीन जीएमसी भोपाल

**मौसम** — अगले दो से तीन दिन शीत लहर से राहत, उत्तरी जिलों में छा रहा घना कोहरा

# बिगड़ी पारे की चाल: न्यूनतम में उछाल, अधिकतम में कमी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में तापमान की चाल बदल गई है। बीते कई दिनों से रात में पारा निरंतर गिर रहा था, दो दिन पहले तक यह 5.4 डिग्री पर जा पहुंचा था। लेकिन बीती रात इसमें कुछ बदलाव देखने को मिला है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार राजधानी में रात का पारा 6.4 डिग्री पर रिकार्ड किया गया, 24 घंटे में यह 0.8 डिग्री बढ़ा है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अगले तीन से चार दिन तक रात के पारे में बढ़ोतरी होती रहेगी और यह 9 डिग्री के आसपास तक आ जाएगा। वहीं दिन के पारे की बात करें तो शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री रहा। जो कि एक दिन पहले तक 27 डिग्री से ज्यादा था। इस तरह भोपाल का अधिकतम तापमान अब नीचे आया है और न्यूनतम पारा ऊपर जा रहा है। तापमान की इस चाल पर मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिकों का कहना है कि राजस्थान में बना एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम कमजोर पड़ गया है, जिससे तापमान अब दो से चार दिन तक बढ़ेगा। दिन और रात के तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी। इसके बाद ठंड का तेज दौर शुरू होगा।



### हिमाचल में बर्फबारी के बाद आएगी ठंड

मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय है, जिससे जम्मू व कश्मीर और उत्तराखंड में बर्फबारी होगी। इस बर्फबारी के तीन से चार दिन बाद ठंडी हवाएं मप्र पहुंचेगी। जिस कारण मप्र में घने कोहरे के साथ तेज ठंड पड़ेगी।

**अभी इन जिलों में कोहरा:** ग्वालियर, जबलपुर. रीवा, दतिया, सागर, सतना, छतरपुर

### इन जिलों में शीत लहर

इंदौर, शाजापुर और शिवपुरी सबसे कम तापमान वाले स्थान

| | |
|---|---|
| शिवपुरी | 4.0 |
| इंदौर, शाजापुर | 4.1 |
| राजगढ़ | 5.0 |
| मंदसौर | 5.4 |
| पचमढ़ी | 5.6 |

### घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, दतिया, भिंड, सीधी, रीवा, छतरपुर जिलों में अति घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मुरैना, सिंगरौली, मऊगंज, सतना, जबलपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, शिवपुरी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह, सागर जिलों में मध्यम कोहरे का येलो अलर्ट और राजगढ़, इंदौर, शाजापुर जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। मौसम विभाग की मानें तो अगले सात दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहेगा। सुबह-शाम घना कोहरा छाने की संभावना है। ठंड और शीतलहर का असर और तेज हो सकता है। लोगों का आवश्यक सावधनियां बरतने की सलाह दी गई है। कोहरे के दिल्ली से भोपाल और इंदौर आने वाली ट्रेनें करीब 20 मिनट से लेकर 4 घंटे तक लेट चल रही हैं। मालवा, छत्तीसगढ़, कोल्हापुर एसएफ, पंजाब मेल, शताब्दी, झेलम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों पर असर पड़ा।

